सत्यमेव जयते

राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड

निर्वाचन भवन, लाडपुर, मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून।

दूरभाष : 0135-2662253, 2662254 **टैलीफैक्स : 0135-2662251, 2662257** E-Mail : sec-uttarakhand@uk.gov.in

संख्या–1179/रा0नि0आ0–1/1507/2013 दिनांक 25 अक्टूबर, 2024

"विज्ञप्ति"

राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड मुख्यालय में रिक्त उप सचिव, वेतनमान–15600–39100+7600 के पद के सापेक्ष सेवा स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति के आधार पर राज्य के **प्रांतीय सिविल सेवा, पंचायतीराज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग एवं अर्थ एवं संख्या विभाग के** अन्तर्गत समूह–'क' में सेवारत अधिकारियों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त रिक्त पद के सापेक्ष वर्तमान में वेतनमान–15600–39100+7600 (लेवल–12) में कार्यरत अथवा वेतनमान–15600–39100+6600 (लेवल–11) में न्यूनतम 03 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले इच्छुक अधिकारी अपना आवेदन, बायोडाटा/पूर्ण विवरण अपने विभाग की अनापत्ति सहित राज्य निर्वाचन आयोग, निर्वाचन भवन, रिंग रोड, देहरादून **में दिनांक 12 नवम्बर, 2024** तक उपलब्ध करा सकते हैं। अनापत्ति में विलम्ब होने की दशा में अग्रिम रूप में आवेदन जमा कर सकते हैं। परन्तु नियुक्ति अनापत्ति प्राप्त होने के उपरान्त ही की जाएगी। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

ह0–
(राहुल कुमार गोयल)
संयुक्त सचिव।

संख्या– 1180/रा0नि0आ0–1/1507/2013 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर सचिव, कार्मिक एवं सतर्कता विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. अपर सचिव, पंचायतीराज विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3. अपर सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
4. निदेशक, अर्थ एवं संख्या विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. समस्त जिलाधिकारी एवं समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तराखंड को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को जिला मुख्यालय एवं अपने अधीनस्थ कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाने का कष्ट करें।
6. सम्पादक, दैनिक जागरण एवं अमर उजाला, पटेल नगर, देहरादून को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को (08 से0मी0X10 से0मी0 के साईज में) दिनांक 26.10.2024 के दैनिक अमर उजाला एवं दैनिक जागरण समाचार पत्रों में शासकीय दरों पर सम्पूर्ण उत्तराखंड राज्य में प्रकाशित कराकर समाचार–पत्र की कतरन बिल सहित दो प्रतियों में आयोग को भुगतान हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(राहुल कुमार गोयल)
संयुक्त सचिव।